ई0–मेल :– eecdpratapgarh@rediffmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

म0नं0– 596, वार्ड नं0–05,रामजीपुरम्,देवकली करनपुर, सरोज तिराहा, सपापुर रोड, प्रतापगढ़–230001

पत्रांकः– / / दिनांकः–

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0.प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– ई– समाचार पत्र दैनिक भाष्कर में दिनांक 17.07.2026 को प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशन के पानी से खेतों की सिंचाई" (सांगीपुर में ग्रामीणों ने कर्मचारी पर दुरूपयोग का आरोप लगाया), की आख्या के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक हिन्दी ई– समाचार पत्र दैनिक भाष्कर में दिनांक 17.07.2026 को प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशन के पानी से खेतों की सिंचाई" (सांगीपुर में ग्रामीणों ने कर्मचारी पर दुरूपयोग का आरोप लगाया), के सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– जिलाधिकारी महोदय, प्रतापगढ़।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, प्रतापगढ़।
4– निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5– मुख्य अभियन्ता (कान0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
6– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
7– जिला सूचना अधिकारी, प्रतापगढ़।

अधिशासी अभियन्ता

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रतापगढ़।

विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का विवरण एवं अद्यतन आख्या

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रतापगढ़ | दैनिक भाष्कर समाचार पत्र एवं दिनांक– 17.07. 2026 | जल जीवन मिशन के पानी से खेतों की सिंचाई (सांगीपुर में ग्रामीणों ने कर्मचारी पर दुरूपयोग का आरोप लगाया)। | जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मेसर्स पावरमेक, प्रोजेक्ट लि0, हैदराबाद को विकास खण्ड– सांगीपुर के ग्राम पेड़रिया पेयजल योजना आवंटित है। उक्त पेयजल योजना पर समस्त निर्माण पूर्ण कराकर वर्तमान में उक्त ग्रामसभा में नियमित रूप से जलापूर्ति की जा रही है। उक्त योजना के सामने लगे फायर हैण्ड्रेन्ट से हो रहे पानी के बहाव को बंद करा दिया गया है एवं योजना पर तैनात पम्प ऑपरेटर को चेतावनी देते हुये उक्त ग्रामसभा में नियमित जलापूर्ति कराने के निर्देश दिये गये हैं। वर्तमान में उक्त ग्रामसभा में नियमित रूप से जलापूर्ति की जा रही है। | – |

अधिशासी अभियन्ता


Pedariya, Uttar Pradesh, India
Google


Pedariya, Uttar Pradesh, India
Google


Pedariya, Uttar Pradesh, India
Google

11:45

# जल जीवन मिशन के पानी से खेतों की सिंचाई: सांगीपुर में ग्रामीणों ने कर्मचारी पर दुरुपयोग का आरोप लगाया

अनूप कुमार सिंह | सांगीपुर, प्रतापगढ़ | 17/07/26




शेयर

प्रतापगढ़ के सांगीपुर विकासखंड की ग्राम सभा पेड़रिया में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी शुरू होने के बाद उन्हें स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलने से बड़ी राहत मिली है। गहरे बोरिंग के कारण साफ और गुणवत्तापूर्ण पानी उपलब्ध हो रहा है।

हालांकि, पिछले कुछ दिनों से टंकी पर कार्यरत कर्मचारी रवि गौतम पर जल जीवन मिशन के पानी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, टंकी के सामने स्थित खेतों में

11:46

शेयर

प्रतापगढ़ के सांगीपुर विकासखंड की ग्राम सभा पेड़रिया में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी शुरू होने के बाद उन्हें स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलने से बड़ी राहत मिली है। गहरे बोरिंग के कारण साफ और गुणवत्तापूर्ण पानी उपलब्ध हो रहा है।

हालांकि, पिछले कुछ दिनों से टंकी पर कार्यरत कर्मचारी रवि गौतम पर जल जीवन मिशन के पानी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, टंकी के सामने स्थित खेतों में पाइप के माध्यम से लगातार सिंचाई की जा रही है। पहले हरे चारे की फसल को पानी दिया जा रहा था, जबकि अब धान की रोपाई के लिए खेत भरे जा रहे हैं। आरोप है कि एक खेत भरने के बाद दूसरे खेत में भी पानी छोड़ा जा रहा है।

ग्रामीण मुमताज आलम, राज नारायण, विक्रम श्रीवास्तव, विकास और श्री नारायण सहित अन्य लोगों ने बताया कि गांव के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति नियमित हो रही है, जबकि कई मोहल्लों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उनका कहना है कि यदि पेयजल का उपयोग खेतों की सिंचाई में होता रहा, तो ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने सिंचाई पर तत्काल रोक लगाने और पूरे गांव में समान रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

इस संबंध में जल निगम के सहायक अभियंता (एई) प्रशांत कुमार

11:46

इस संबंध में जल निगम के सहायक अभियंता (एई) प्रशांत कुमार ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि जांच कराई जाएगी और यदि किसी की मिलीभगत सामने आती है, तो संबंधित लोगों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, कार्यदायी संस्था पावर मैक के डिप्टी मैनेजर अरविंद यादव ने भी मामले की सूचना मिलने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि वे मौके पर पहुंचकर जांच करेंगे और अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंपेंगे।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जिस खेत की सिंचाई की जा रही है, वह हरिश्चंद्र ओझा का बताया जा रहा है। मु. सुभराती और राजकुमार पाण्डेय ने अधिकारियों से सही-गलत तय करने की बात कही। ग्रामीण अब जांच रिपोर्ट और विभागीय कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

खबरें और भी हैं...

मुख्यमंत्री योगी से मिले पूर्व विधायक धीरज ओझा: **रानीगंज के विकास कार्यों पर हुई चर्चा, रुकी धनराशि जल्द जारी करने की मांग**



प्रतापगढ़ › शेयर

मुंबई में करंट लगने से प्रतापगढ़ के युवक की मौत: **ड्यूटी से लौटा था, टेबल फैन लगाते समय हुआ हादसा**



निरीक्षण नोट

पेडरिया के.पी.के. वि.ख. सोनपुर का निर्माण कार्य PMPL कंपनी द्वारा कराया जा रहा है, जिसके टंकी निर्माण 100%, पम्प हाउस 100%, पाइप लाइन 7.30 km में से 12.30 km, गृह संयोजन 556 नग में से 348 नग तक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। योजना से ग्रामसभा में नियमित जलापूर्ति की जा रही है एवं टंकी के सामने लगे फायर हाइड्रेन्ट से हो रहे पानी के बहाव को बन्द करा दिया गया है। टंकी पर तैनात पम्प आपरेटर को चेतावनी देते हुए नियमित जलापूर्ति के निर्देश दिये गये है। वर्तमान में ग्रामसभा में सुचारु रूप से जलापूर्ति की जा रही है।